


12 वर्ष निर्भीक पत्रकारिता के

अब 13 वें वर्ष की ओर

पाठकों/दर्शकों का असीम स्नेह

RNI No. CHHHIN/2011/38292

भारत सम्मान NEWS

हो जाओ सावधान...

Bharatsamman.com | Bharat samman | Bharat Samman





वर्ष-13 अंक-157 | अम्बिकापुर, शुक्रवार, 01 दिसम्बर 2023 | कुल पृष्ठ-4 मूल्य-1.00 रू.


# एग्जिट पोलः दोनों पार्टी भारी बहुमत से जीतने का कर रही दावा

**छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, मिजोरम समेत पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजे तीन दिसंबर को आएंगे। नतीजों से पहले आज छत्तीसगढ़ समेत पांच राज्यों के एग्जिट पोल जारी हो गए। बतादें कि छत्तीसगढ़ की 90 विधानसभा सीटों पर 7 और 17 नवंबर को दो चरणों में मतदान हुआ था। 7 नवंबर को पहले चरण में नक्सल प्रभावित 20 सीटों के लिए मतदान हुआ, जबकि 17 नवंबर को दूसरे चरण में 70 सीटों के लिए वोटिंग हुई। छत्तीसगढ़ विधानसभा की कुल 90 सीटों पर बहुमत के लिए 46 सीटें जीतनी होंगी। मतदाताओं के रुझान के आधार पर कड़े मुकाबले की चर्चा हो रही है।**



## छत्तीसगढ़ में दो चरणों में हुए मतदान


छत्तीसगढ़ की 90 विधानसभा सीटों पर 7 और 17 नवंबर को दो चरणों में मतदान हुआ था। 7 नवंबर को पहले चरण में नक्सल प्रभावित 20 सीटों के लिए मतदान हुआ, जबकि 17 नवंबर को दूसरे चरण में 70 सीटों के लिए वोटिंग हुई।

### पहले चरण 20 सीटों पर हुई वोटिंग

छत्तीसगढ़ की 90 में से 20 विधानसभा सीटों पर सात नवंबर को 78 प्रतिशत मतदान हुआ था। बस्तर की 12 और दुर्ग की आठ विधानसभा समेत 20 सीटों पर मतदान हुआ था। इसके पहले हुए चार विधानसभा चुनावों में पहले चरण की 18 सीटों पर हुई वोटिंग में कभी यह आंकड़ा इतने अंक को नहीं छू पाया था। 2018 में पहले चरण के चुनाव में 76.47 प्रतिशत हुआ था।

### दूसरे चरण में 70 सीटों पर हुए मतदान

चुनाव आयोग के मुताबिक दूसरे चरण में 70 सीटों पर 75.08 प्रतिशत मतदान हुआ जोकि वर्ष 2018 में हुए विधानसभा चुनाव की तुलना में 1.8 प्रतिशत कम है। 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में प्रदेश में 76.88 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया था।




## अपने विधायकों को बैंगलूर भेज सकती है कांग्रेस!

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के नतीजे 3 दिसंबर को आने वाले हैं। इससे पहले आज अलग-अलग एजेंसियों ने एग्जिट पोल जारी किए हैं। प्रदेश में एक बार फिर कांग्रेस को बढ़त मिलती दिख रही है। बताया जा रहा है कि इधर कांग्रेस ने इसके मद्देनजर अपने भावी विधायकों पर चौकसी बढ़ाने के साथ -साथ किसी भी तरह के ऑपरेशन से बचने के उपायों पर काम भी शुरू कर दिया है। इस चुनाव में कांग्रेस को 40-50 सीटें, भाजपा को 36-46 सीटें जबकि अन्य के खाते में 1-5 सीटें जा सकती हैं। इस बीच, चुनाव परिणाम आने से पहले ही कांग्रेस अलर्ट हो गई है। पार्टी ने प्रदेश में हॉर्स ट्रेडिंग से बचने की तैयारी कर ली है। राजनितिक गलियारों में चर्चा है कि कांग्रेस ने परिणाम आते ही अपने जीते हुए प्रत्याशियों को बेंगलुरु भेजने की तैयारी में जुट गई है। इसके लिए कांग्रेस ने 72 सीटर ला चार्टर प्लेन भी बुक करा लिया है। इसमें जीते विधायकों के साथ ही पार्टी के नेता भी होंगे। बता दें कि कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है। सूत्रों के मुताबिक पार्टी ने सभी कांग्रेस प्रत्याशियों से कहा है कि जीत का सर्टिफिकेट मिलते ही उसे लेकर सीधे रायपुर चले आएं। यहां के वीआईपी रोड पर एक होटल में नवनिर्वाचित विधायकों के रुकने की व्यवस्था की जा रही है। सभी प्रत्याशी रातभर एक साथ यही रुकेंगे। कांग्रेस पार्टी के बस्तर से लेकर सरगुजा तक के नवनिर्वाचित विधायकों को आने में जो समय लगेगा, इसे ध्यान में रखते हुए दूसरे दिन यानी 4 दिसंबर को सभी जीते हुए विधायकों को बेंगलुरु भेजा जाएगा।

## एग्जिट पोल में क्या बता रहे है आंकड़ा?

आज तक और एक्सिस माय इंडिया के एग्जिट पोल अनुमान के आधार पर छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को बढ़त मिलेगी। आजतक एक्सिस माई इंडिया के एग्जिट पोल में छत्तीसगढ़ में भाजपा को 36-46 सीटें मिलने का अनुमान है। कांग्रेस को 40-50 सीटें मिल सकती हैं। अन्य को 1-5 सीटें मिलने का अनुमान है। छत्तीसगढ़ में बहुमत का आंकड़ा 46 है। कुल 90 सीटें हैं।

इंडिया टीवी सीएनएक्स के एग्जिट पोल अनुमान के मुताबिक, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को 46-56 सीटें मिलने का अनुमान है। भाजपा को 30-40 सीटें मिलने का अनुमान है। अन्य को तीन-पांच सीटें मिलेंगी।

जन की बात के एग्जिट पोल में अनुमान के आधार पर छत्तीसगढ़ में भाजपा को 34-45 सीटें मिल सकती हैं। कांग्रेस को 42-53 सीटें मिलने का अनुमान है। जबकि निर्दलीय के हिस्से में 03 सीटें जा सकती हैं।

एबीपी-सी वोटर के एग्जिट पोल के अनुमान के मुताबिक छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को बहुमत मिलने के आसार है, कांग्रेस को 41-53 सीटें मिल सकती हैं। भाजपा को 36-48 सीटें मिलने का अनुमान है। जबकि अन्य को 0-4 सीटें मिल सकती हैं।

न्यूज24-टुडे चाणक्य के एग्जिट पोल के अनुमान के अनुसार कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत मिलेगा, पार्टी को 57 सीटें जीतने में सफल होगी। भाजपा को 33 सीटें मिल सकती हैं। जबकि अन्य के खाते में एक भी सीट नहीं जाने का अनुमान है।

रिपब्लिक-मैट्रिज के एग्जिट पोल के अनुमान के मुताबिक, कांग्रेस को 44-52 सीटें मिलेंगी। भाजपा को 34-42 मिलने के आसार हैं। वहीं निर्दलीय के हिस्से में 0-2 सीटें जा सकती हैं।

टीवी 9 पोलस्ट्रैट के एग्जिट पोल के अनुसार कांग्रेस को 40-50 सीटें मिल सकती हैं। भाजपा के हिस्से में 35-45 सीटें आ सकती हैं। साथ ही अन्य को 0-3 सीट से संतोष करना पड़ सकता है।


टाइम्स नाउ-ईटीजी के एग्जिट पोल के अनुमान के मुताबिक कांग्रेस बहुमत के करीब रह सकती है, पार्टी के हिस्से में 48-56 सीटें आ सकती हैं। भाजपा को 32-40 सीटें मिलने का अनुमान है। साथ ही निर्दलीय 2-4 सीटों पर सफल होने में कामयाब हो सकते हैं।

दैनिक भास्कर के एग्जिट पोल के मुताबिक, कांग्रेस को 46-55 सीटें, भाजपा को 35-45 सीटें और अन्य को 0-10 सीटें मिलने का अनुमान है।

रिपब्लिक-पी मार्क के एग्जिट पोल के मुताबिक, कांग्रेस को 46-54 सीटें, भाजपा को 35-42 सीटें मिलने का अनुमान है। साथ ही अन्य के हाथ एक भी सीट नहीं आएगी।



## सीएम बघेल बोले- भारी बहुमत से बनेगी कांग्रेस की सरकार



एग्जिट पोल पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, एग्जिट पोल के आंकड़ों में समानता नहीं है लेकिन 2 दिन बाद तो सभी आंकड़े एक समान होंगे, एग्जिट पोल चलने दीजिए, सरकार हमारी बनेगी, भारी बहुमत से बनेगी। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा, अभी 6-7 सर्वे हुए हैं और किसी के भी आंकड़े एक समान नहीं है। हमने 75 पार का लक्ष्य रखा था, हम उसी के आसपास रहेंगे।

## रमन सिंह बोले- नतीजों में 40 से भी नीचे जाने वाली है कांग्रेस




एग्जिट पोल पर छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता रमन सिंह ने कहा, भाजपा 52-55 सीटों पर भाजपा बढ़त लेकर सरकार बनाएगी। 75 पार वाले 40 तक पहुंच गए हैं, 2-3 सर्वे में उन्हें 40 तक दिखाया जा रहा है, लेकिन वे 75 पार कह रहे थे अब 40 पर आकर रुक गए हैं। 3 तारीख को जो नतीजे आएंगे उसमें 40 से भी नीचे जाने वाली है कांग्रेस।

## अरुण साव का दावा- छत्तीसगढ़ में बनेगी बीजेपी की सरकार



एग्जिट पोल पर छत्तीसगढ़ बीजेपी अध्यक्ष अरुण साव ने कहा, एग्जिट पोल का आकार सीमित होता है। भाजपा का सैंपल साइज बहुत बड़ा है। मैं पिछले डेढ़ साल से छत्तीसगढ़ में घूम रहा हूं। मैं हर विधानसभा में गया हूं और लोगों से बातचीत की है उस आधार पर मैं कह सकता हूं कि 3 दिसंबर को छत्तीसगढ़ में बीजेपी की सरकार बनेगी।

## डिप्टी सीएम सिंहदेव बोले- कांग्रेस को मिलेगी 60 सीटों के आसपास



छत्तीसगढ़ में एग्जिट पोल पर उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा, यह संतोष का विषय है कि जो प्रोजेक्शन है उसमें कांग्रेस आगे है, मेरा मानना है कि 60 सीटों के आसपास कांग्रेस जाएगी। जब आप सरकार में रहते हैं तो कई बार ऐसा होता है आप उम्मीदों पर पूरा खरे नहीं उतर पाते हैं, जो काम आप करते हैं उसके अलावा अगर आप जो काम आप नहीं करते हैं वह ज्यादा दिखता है।

RNI No. CHHHIN/2011/38292
# भारत सम्मान NEWS

अम्बिकापुर, शुक्रवार, 01 दिसम्बर 2023 

## संपादकीय

### क्योंकि सवाल राजनीतिक है

जो समस्या पैदा हुई है, उसका कारण संविधान की अस्पष्टता नहीं है। अगर केंद्र में सत्ताधारी पार्टी सर्वसत्तावादी महत्त्वाकांक्षाएं पाल ले, तो वे तमाम संवैधानिक प्रावधान महज कागज पर लिखी लकीर बन जाते हैं, जिनका मकसद व्यवस्था को नियंत्रित और संतुलित रखना है। विधेयकों को मंजूरी देने के मामले में राज्यपालों की अपेक्षित भूमिका के बारे में सुप्रीम कोर्ट ने जो कहा है, उससे व्यवहार में कितना फर्क पड़ेगा, यह कहना मुश्किल है। कोर्ट इस बारे में संविधान के प्रावधान की उचित व्याख्या की है। लेकिन यह प्रावधान तो पहले से मौजूद है और उसमें कोई अस्पष्टता नहीं है। पंजाब और केरल की सरकारों और वहां के राज्यपालों के बीच चल रहे विवाद में अदालत ने कहा है कि अगर राज्यपाल किसी विधेयक को मंजूरी नहीं देना चाहते हैं, तो उन्हें अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए बिल को 'यथाशीघ्र' पुनर्विचार के लिए विधानसभा को लौटा देना चाहिए। अब यहां असल मुद्दा इसी 'यथाशीघ्र' की व्याख्या का है। सुप्रीम कोर्ट ने इस बारे में कोई निश्चित समयसीमा तय नहीं की। संभवतः ऐसा करना संविधान के मुताबिक उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं है। इसीलिए उसने जो व्यवस्था दी है, उसे एक तरह से कोर्ट की सदिच्छा कहा जा सकता है। 'यथाशीघ्र' का मतलब कितना समय है, इस बारे में राज्य सरकार और राज्यपाल की समझ अलग-अलग होने की गुंजाइश बची हुई है। कोर्ट ने कहा है कि किसी विधेयक को लौटाए जाने के बाद अगर विधानसभा उनकी आपत्तियों पर गौर करते हुए या उसे नामंजूर करते हुए विधेयक को फिर से पारित कर देती है, तो फिर राज्यपाल के पास उस पर दस्तखत करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। यह भी संवैधानिक प्रावधान को दोहराया जाना ही है। बहरहाल, इस मामले में सुप्रीम कोर्ट को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। इसलिए कि जो समस्या पैदा हुई है, उसका कारण संवैधानिक प्रावधान की अस्पष्टता नहीं है। बल्कि उसकी जड़ें मौजूदा राजनीतिक माहौल में छिपी हैं। अगर केंद्र की सत्ता में मौजूद पार्टी सर्वसत्तावादी महत्त्वाकांक्षाएं पाल ले, तो वे तमाम संवैधानिक प्रावधान महज कागज पर लिखी लकीर बन जाते हैं, जिनका मकसद व्यवस्था को नियंत्रित और संतुलित रखना है। चूंकि ऐसा एक राजनीतिक प्रक्रिया के माध्यम से होता है, इसलिए इसका समाधान भी ऐसी ही प्रक्रिया से ढूंढा जा सकता है। राज्यपालों के व्यवहार से जो राजनीतिक दल अपने को पीड़ित महसूस कर रहे हैं, उन्हें यह बात अवश्य याद रखनी चाहिए।

# सोने-चांदी की कीमतों में आई उछाल, 65 हजार के करीब पहुंचा गोल्ड, सिल्वर भी 77 हजार पार

**रायपुर।** शादी सीजन में अंतरराष्ट्रीय बाजार के प्रभाव से सोने-चांदी की कीमतों में जबरदस्त तेजी आई है। बुधवार को सोना 65 हजार के करीब पहुंच गया। इससे पहले सोना इस स्तर पर नहीं पहुंचा था। सोने के साथ ही चांदी भी अपने शिखर पर पहुंच गई है और पहली बार 77 हजार रुपये पार कर गई है। बीते 29 दिनों में सोना 1,500 रुपये महंगा हुआ है। वहीं चांदी की कीमतों में भी 3800 रुपये की तेजी आई है।

बुधवार शाम रायपुर सराफा बाजार में सोना 64600 रुपये प्रति दस ग्राम (स्टैंडर्ड) और चांदी प्रति किलो 77700 रुपये रही। सराफा विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों में सोने की कीमतों में और तेजी के ही आसार



है। अभी अंतरराष्ट्रीय बाजार के साथ ही शादी सीजन की डिमांड भी शुरू हो गई है। इसका असर भी कीमतों में पड़ रहा है। रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार के प्रभाव से दोनों कीमती धातुओं में यह तेजी आई है। आने वाले दिनों में भी इनमें तेजी के ही आसार है।

### संस्थानों में गहनों की नई रेंज

शादी सीजन में सराफा संस्थानों में आभूषणों की नई रेंज आई हुई है। ये गहने पारंपरिक के साथ ही नए फैशनेबल भी है। साथ ही लोगों को लुभाने के लिए चांदी के आकर्षक उपहार भी उपलब्ध है। इसके साथ ही उपभोक्ताओं को लुभाने के लिए बनवाई में विशेष छूट दी जा रही है। त्योहारी सीजन में सराफा में जबरदस्त कारोबार हुआ है। कीमतों में हुई बढ़ोतरी का असर ग्राहकी पर भी थोड़ा पड़ने लगा है और खरीदारी के साथ बिकवाली भी बढ़ने लगी है।

### पांच वर्षों में ही दोगुना हुआ सोना

बीते पांच वर्षों में भी सोने ने जबरदस्त रिटर्न दिया है। यह देखा जा रहा है कि जनवरी 2018 में सोना 30 हजार रुपये प्रति दस ग्राम के स्तर पर था, जो वर्तमान में 64 हजार 600 रुपये प्रति दस ग्राम पहुंच गया है। सराफा के जानकारों का कहना है कि आने वाले दिनों में दोनों कीमती धातुओं में और बढ़ोतरी की ही उम्मीद बनी हुई है।

# सीजीपीएससी ने सिविल जज के 48 पदों के लिए जारी किए दिशा-निर्देश

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित सिविल जज भर्ती परीक्षा के लिए साक्षात्कार 5 दिसंबर से शुरू होगी। पीएससी की ओर से साक्षात्कार से संबंधित दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। 48 पदों के लिए होने वाला साक्षात्कार 14 दिसंबर तक अलग-अलग तिथियों में होगा।

इन पदों के लिए इसी वर्ष 27 जून को परीक्षा आयोजित की गई थी। इसके परिणाम 17 अगस्त को जारी हुए थे। इस आधार पर पीएससी ने 152 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया है। साक्षात्कार से एक दिन पहले पात्र अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन होगा। दूसरी ओर पीएससी ने प्राणीशास्त्र के सहायक प्राध्यापकों की चयन सूची जारी कर दी है। उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत 125 पदों के लिए पीएससी ने जुलाई 2021 में विज्ञापन निकाले थे। इसके लिए 375 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के




लिए बुलाया जाना था, लेकिन 278 को ही इंटरव्यू के लिए बुलाया गया। इनमें से 7 अनुपस्थित रहे तथा 20 को अयोग्य घोषित किया गया। इस प्रकार 251 का साक्षात्कार पीएससी ने लिया। इसके लिए चयन सूची पीएससी ने जारी कर दी थी। इसके बाद कुछ अभ्यर्थियों ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। जिसके बाद अब पीएससी ने चयन व अनुपूरक सूची जारी की है।




# विधानसभा निर्वाचन-2023 : 30 तक 7775 डाकमत पत्र प्राप्त

**दुर्ग।** विधानसभा निर्वाचन-2023 के अंतर्गत 30 नवम्बर 2023 तक कुल 7775 डाकमत पत्र प्राप्त हुए है। जिला निर्वाचन कार्यालय से अधिकृत नोडल अधिकारी डाक मतपत्र अपर कलेक्टर श्री गोकुल रावटे से प्राप्त जानकारी अनुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 62 पाटन में डाकमत पत्र 1093, विधानसभा क्षेत्र क्र. 63 दुर्ग ग्रामीण में डाकमत पत्र 1411, विधानसभा क्षेत्र क्र. 64 दुर्ग शहर में डाकमत पत्र 2260, विधानसभा क्षेत्र क्र. 65 भिलाई नगर में डाकमत पत्र 950, विधानसभा क्षेत्र क्र. 66 वैशाली नगर में डाकमत पत्र 1129 एवं विधानसभा क्षेत्र क्र. 67 अहिवारा में 932 डाकमत पत्र प्राप्त हुए है। इनमें निर्वाचन ड्यूटी में तैनात मतदाताओं हेतु सुविधा केन्द्र से विशेष संवाहक द्वारा प्राप्त डाकमत पत्रों की संख्या 6846, डाक द्वारा प्राप्त डाकमत पत्रों की संख्या 469 और विशेष गठित मतदान दल द्वारा दिव्यांग, 80 प्लस एवं कोविड प्लस के डाकमत पत्र 460 शामिल है।




आमजन, गरीब-मज़लूमों पर होने वाले अत्याचार के विरुद्ध क्रांतिकारी पत्रकारिता का नाम है भारत सम्मान, जब शासन-सत्ता में बैठे ऐसे लोग जो पद-पावर के नशे में चूर होकर करते हैं अपने कर्तव्यपालन में चूक तो भारत सम्मान करता है उन्हें दुरुस्त...

2011 से भारत सम्मान आगे बढ़ रहा है और मिसाल क़ायम कर रहा है ईमानदार पत्रकारिता की..

भारत सम्मान दैनिक समाचार पत्र के साथ-साथ वेबसाईट - www.bharatsamman.com, फेसबुक पेज - Bharat Samman व यू-ट्यूब - Bharat Samman News के माध्यम से जनहित के खबरों को प्राथमिकता देते हैं। हमारा दावा है यदि आप पर ज़ुल्म हुआ है, आप न्याय के लिए कर रहे हैं संघर्ष तो केवल एक ही नाम आपको याद होना चाहिए...

**भारत सम्मान**

इसी क्रांतिकारी मुहिम से निम्न जगहों पर जुड़ने के लिए सम्पर्क करें

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, उत्तर प्रदेश, उतराखण्ड, बिहार, बंगाल व देश के सभी राज्यों में ब्यूरो व संवाददाता बनने संपर्क कर सकते हैं।

**इन पदों में होंगे नियुक्त...**

1 - राज्य ब्यूरो प्रमुख
2 - राज्य अपराध ब्यूरो प्रमुख
3 - जिला ब्यूरो प्रमुख
4 - जिला अपराध ब्यूरो प्रमुख
5 - तहसील संवाददाता
6 - तहसील अपराध संवाददाता

अपना फोटो लगा बायोडाटा हमारी ई-मेल आईडी bharatsammannews@gmail.com या व्हाट्सएप्प No. 07828866957 पर भेजे।

**नोट**

1. केवल ईमानदार लोग ही संपर्क करें, पत्रकारिता के नाम पर वसूली करने अथवा ब्लैकमेल करने वालों से हमारा कोई वास्ता नहीं
2. यहां नौकरी नहीं दी जाती है, यदि हमारे संस्था के नाम का गलत इस्तेमाल करता है, तो हमारे द्वारा जारी नंबर पर शिकायत जरूर करें।

प्रसार/प्रबंध- सम्पादक- भारत सम्मान न्यूज नेटवर्क- 07828866957, 09303890212

# महासमुंद पुलिस ने ढाई करोड़ से ज्यादा का गांजा किया जब्त



**रायपुर।** महासमुंद जिले की पिथौरा पुलिस ने पिथौरा के एक ढाबे में लावारिश खड़े 10 चक्का ट्रक से ढाई करोड़ रूपए से ज्यादा कीमत का 517 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। आरोपियों ने बढ़े ही शातिराना तरीके से चांवल की बोरियों के नीचे गांजा छुपाकर रखा था जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। वहीं मामले में अज्ञात आरोपियों की पतासाजी की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि बरगढ ओड़िशा से अवैध मादक पदार्थ गांजा का बडा खेप 10 चक्का ट्रक में ओडिशा से महासमुन्द होते हुये रायपुर मध्यप्रदेश, दिल्ली ले जाने वाला है। जिस पर तत्काल पुलिस अधीक्षक महासमुन्द धर्मेन्द्र सिंह के द्वारा एनएच 53 के समस्त थाना प्रभारियों एवं सायबर सेल की टीम को त्वरित कार्यावाही करने के लिए निर्देशित किया व महासमुंद जिले में प्रवेश करने वाले समस्त पाईंटों पर भी बल तैनात कर संदिग्ध वाहन की जांच कर रही थी। इसी दौरान एक 10 चक्का ट्रक क्रमांक 04 जेडसी 2783 सांकरा, बसना की तरफ से आकर ग्राम राजा सेवैया आकाश आटो पार्ट के सामने नेशनल हाईवे 53 अवतार ढाबा के पास खड़ी हुई थी जिसमें वाहन चालक नही था। पिथौरा में वाहन को बिना वाहन चालक के खड़ा देख नारकोटिक्स नियंत्रण ब्यूरों की टीम एवं थाना पिथौरा की पुलिस टीम को संदेह हुआ है जिसके आधार पर वाहन की तलाशी ली गई। वाहन के पीछे ट्राली में 295 नग प्लास्टिक के बोरी में चावल का खण्डा भरा हुआ जिसमें विभिन्न प्रकार का चावल का खण्डा प्रत्येक बोरी में लगभग 50 किलो चावल भरा हुआ बोरियों को हटाने के बाद नीचे 18 नग अन्य बोरी भरा हुआ मिला। जिसे खोलकर देखने पर अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। वाहन में कुल 18 नग प्लास्टिक बोरियों में कुल 517 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा मिला। जिसके बाद पुलिस की टीम ने 5 क्विंटल 17 किलो ग्राम गांजा कीमत लगभग 2 करोड़ 58 लाख 50 हजार रूपये, 10 चक्का ट्रक तथा 295 नग खण्डा चावल कीमत लगभग ढाई लाख रूपये को जप्त किया गया। वहीं घटना में संलिप्त आरोपी फ़रार है जिसकी पतासाजी की जा रही है। मामले में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 20(ख) एनडीपीएस के तहत थाना पिथौरा में कार्यवाही की जा रही है।

## डाक्टरों को रेडिएशन से बचाएगा रेडिएशन प्रोटेक्शन सिस्टम, अंबेडकर अस्पताल में लगाया गया एगनेस्ट सुरक्षा कवच



**रायपुर।** राजधानी के आंबेडकर अस्पताल में एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट (एसीआइ) के कैथलैब में कार्यरत डाक्टरों और कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए रेडिएशन प्रोटेक्शन सिस्टम लगाया गया है। एगनेस्ट नामक यह सुरक्षा कवच कैथलैब में कार्यरत मेडिकल टीम को एक्स-रे मशीन से निकलने वाली हानिकारक विकिरणों से सुरक्षा प्रदान करता है।

कार्डियोलाजी विभाग के विभागाध्यक्ष डा. स्मित श्रीवास्तव ने विकिरण सुरक्षा प्रणाली के संबंध में बताया कि एगनेस्ट कैथलैब में कार्यरत पूरी मेडिकल टीम को यहां तक कि प्रोसीजर टेबल में लेटे मरीज को हानिकारक एक्स-रे विकिरणों से सुरक्षा प्रदान करेगी। यह सुरक्षा कवच कार्डियोलाजी प्रोसीजर किए जाने वाले टेबल के साथ चारों तरफ से अटैच है। यह कार्बन माइक्रो फाइबर बेस तथा रेडिएशन एब्जार्बिंग मेटलिक एलाय (बिस्मथ और एंटीमनी धातु) से बना है, जो एक्स-रे मशीन से निकलने वाले हानिकारक विकिरणों को सोख लेते हैं। इन विकिरणों से यदि बचाव न किया जाए तो भविष्य में कैंसर, मोतियाबिंद एवं अन्य बीमारियां होने की संभावना रहती है।

### कैथलैब में एक्स-रे मशीन से होती है पूरी प्रक्रिया

डा. स्मित श्रीवास्तव ने बताया कि कैथलैब में पूरी प्रक्रिया एक्स-रे मशीन की सहायता से की जाती है। कैथलैब में प्रतिदिन कार्डियक इंटरवेंशनल प्रक्रिया होती है। पूरी टीम लंबे समय तक यहां रहती है। ऐसे में पूरी टीम विकिरण के संपर्क में आती है। एगनेस्ट एक व्यापक, स्कैटर रेडिएशन (फैलने वाले विकिरण) सुरक्षा प्रणाली है, जो पूरी तरह से आधुनिक कैथलैब में रेडिएशन के फैलाव एवं बिखराव को रोकने में मदद करती है। सीआर्म एक्स-रे मशीन की गति एवं दिशा के अनुसार इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह रोगी की दिशा के अनुसार सरलता से इधर-उधर घूम सकता है। यह 91 प्रतिशत रेडिएशन से सुरक्षा देता है।

## विधिक कार्यशाला में बच्चों ने जाने अपने कानूनी अधिकार



**जोबी।** शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय जोबी-बर्रा ने मंगलवार दिनांक 30 नवम्बर 2023 को एक उत्कृष्ट कार्यशाला का आयोजन किया। उच्च शिक्षा विभाग अंतर्गत् संचालित आई.क्यू.ए.सी. कार्यक्रम के तहत आयोजित इस एक दिवसीय कार्यशाला में कानूनी अधिकारों के महत्वपूर्ण मुद्दों पर विद्यार्थियों का ध्यान केंद्रित किया गया।

कार्यक्रम धूप-दीप कर सरस्वती वंदना से प्रारम्भ हुआ। प्राचार्य श्री रविंद्र कुमार थवाईत ने अतिथियों का स्वागत उद्बोधन कर कार्यशाला की शुरूआत की। इस दौरान मुख्य अतिथी के रूप में उपस्थित खरसिया सत्र न्यायालय में पदस्थ फर्स्ट क्लास ज्यूडिशियल मजिस्टेट सुश्री मंजुषा टोप्पो केंद्र बिन्दु रहीं। उनके साथ माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता श्री राजेश रंजन सिन्हा सहित जिला न्यायालय रायगढ़ के युवा अधिवक्ता श्री आशीष उपाध्याय ने बच्चों को उनके विधिक अधिकारों से रू-ब-रू कराया। न्यायधीश सुश्री टोप्पो ने अब तक की अपनी विधिक सेवाओं के निचोड़ के आधार पर आबकारी अधिनियम एवं देशीऌविदेशी मदिरा के अवैध उत्पादन, व्यापार एवं प्रयोग पर रोक लगाने व इन दिनों बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर केंद्रिकृत आई.पी.सी. की धारा 279, 337, 338 एवं 304 ए आदि सहित मोटर व्हीकल एक्ट के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदाय की। इसी क्रम में उन्होंने छात्राओं और महिलाओं के लिए कानून में प्रदत्त प्रावधानों से अवगत कराया। जिसमें विशेषकर अश्लील गाली-गलौच जिससे किसी को बुरा लगे, बालिकाओं-महिलाओं से छेड़-छाड, पीछा करना, दूरभाष पर परेशान किया जाना, जान से मारने की धमकी देना जैसे अपराधिक कृत्यों से निपटने के लिए जागरूक किया गया। बढ़ते क्रम में माननीय उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता श्री सिन्हा ने कमान सम्हाली और बहुत ही रोचक तरीकों में पुराने जमाने के जंगल के कानून-शेर और बकरी की कहानी जैसे उदाहरणों का जिक्र करते हुए खेल-खेल में विद्यार्थियों को आत्मरक्षा एवं मानवाधिकार का पाठ पढ़ाया।

श्री सिन्हा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपने आंख और कान हमेशा खुले रखें, वही करें जो उचित है, क्योंकि कानून केवल उसे ही दण्ड देता है जो गलत है, और अगर आप सही हैं तो न्याय हमेशा आपके ही पक्ष में ही होगा। तत्पश्चात जिला न्यायलय के युवा अधिवक्ता श्री उपाध्याय ने छात्र-छात्राओं दोनों का ध्यान लैंगिक उत्पीड़न जैसी उन बातों पर खींचा, जिनके बारे में आम-तौर पर लोग बातें करने से भी कतराते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के समक्ष पास्को एक्ट के अनिवार्य पहलुओं पर प्रकाश डाला। अंतिम चरण में सहायक प्राध्यापक एवं आई.क्यू.ए.सी. समन्वयक डॉ. ज्ञानमणी एक्का ने अतिथियों का आभार व्यक्त कर कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए महाविद्यालय के कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

उल्लेखनीय है कि इस दौरान मंच संचालन कर रहे अतिथी व्याख्याता श्री राहुल राठौर ने समां बांधे रखा। साथ ही वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक श्री वासुदेव प्रसाद पटेल, सहायक प्राध्यापक श्री सुरेन्द्र पाल दर्शन, सहायक प्राध्यापक श्री योगेन्द्र कुमार राठिया, सहायक प्राध्यापक डॉ. श्रीमती श्वेता कुम्भज, मुख्य लिपिक श्री पी.एल. अनन्त, प्रयोगशाला तकनीशियन श्री पी.एस. सिदार व श्री एल.आर. लास्कर सहित अतिथी व्याख्याता श्री राहुल राठौर एवं सुश्री रेवती राठिया उपस्थित रहे।



## मुख्यमंत्री भी लेंगे टी-20 क्रिकेट मैच का आनंद

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के परसदा स्थित अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में कल भारत-आस्ट्रेलिया के बीच रोमांचक मैच खेला जाएगा। इस मैच की खुमारी क्रिकेट प्रेमियों में अभी से देखा जा रहा है। मैच के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के अलावा सभी 90 विधानसभा के प्रत्याशियों व कई वरिष्ठ नेताओं को भी न्योता दिया गया है। क्रिकेटरों के होटल से स्टेडियम पहुंचने तक विशेष सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। टिकट की दर महंगी होने के बाद भी बड़ी संख्या में क्रिकेट फैन्स ने टिकट खरीदी है। आज सुबह से ही इंडोर स्टेडियम में टिकट के लिए लंबी कतार लगी हुई है। सुबह 6 बजे से क्रिकेट प्रेमी कतार में खड़े हैं। बता दें कि 11 बजे टिकट काउंटर खुलेंगे, पर सुबह से कतारें लगी हुई है। बता दें कि क्रिकेट प्रेमी ऑनलाइन टिकट का प्रिंट लेने कतार में खड़े हैं।

## हत्याकांड स्वीकार करने थाना प्रभारी कर रहा शारीरिक-मानसिक रूप से प्रताड़ित

### सिवनी थाना क्षेत्र में हुआ था दोहरा हत्याकांड, पीड़ित युवक ने आला अफसरों से लगाई गुहार

**जांजगीर-चांपा-रायपुर।** सिवनी थाना क्षेत्र में लगभग एक माह पूर्व हुए दोहरे हत्याकांड में जांच अधिकारी पर गंभीर आरोप लग रहा है। शराब दुकान के सेल्समेन पर इस हत्याकांड का जुर्म कबूल करने का लगातार दबाव बनाया जा रहा है।



पीड़ित प्रार्थी ने वरिष्ठ पुलिस अफसरों के नाम सौंपे गए अपने आवेदन में बताया कि उसका नाम भरत बघेल 27 वर्ष निवासी जिला रायगढ़ है। वर्तमान में वह शराब दुकान में सेल्समेन के रूप में काम करता है। 4-5 नवंबर की रात सिवनी भट्ठी में कार्य करने वाले दो चौकीदारों की हत्या हुई है। इस हत्याकांड का सीसीटीवी फुटेज भी सुरक्षित है। हत्याकांड के दो दिन बाद सिवनी थाना प्रभारी के द्वारा घटना के संबंध में मुझसे पूछताछ की गई। इसके बाद पुनः 11 नवंबर को बुलाकर मारपीट कयिा गया तथा इस हत्याकांड को कबूल करने शारीरिक व मानसिक रूप से दबाव बनाया जाने लगा। यह सिलसिला लगातार चल रहा है और वर्तमान में 28 नवंबर को शाम 6 बजे सिवनी थाने से आए दो पुलिस कर्मियों ने कहा कि हम रात को आयेंगे अकेले रहना कह कर चले गए। लगभग 8.30 बजे 5-6 लोग आये फि़र दो पुलिस वाले मुझे गाली-गलौच कर गंदी-गंदी भाषा का उपयोग कर धमकाया। फि़र शराब दुकान के पिछे तरफ लेकर गये और साथ मे लाये काले रंग के कपड़ो को पहनने को कहा। मना करने पर मारने लगे मैं डर के मारे मजबूर होकर उन कपड़ों को पहना जिसका पुलिस वालो ने फोटो-विडियो बनाया है। उन्होंने मुझे जानसे भारने की धमकी देते हुए कहा कि हत्याकांड को कबूल कर लो नहीं तो अंजाम बहुत बुरा होगा।

## पुरानी रंजिश के चलते युवक को पीटा

**रायपुर।** पीएल होम 3 माना कैंप में पुरानी रंजिश के चलते दो युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर माना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अमित मंडली 25 वर्ष पीएम होम 3 माना कैंप का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी सोनू बैरागी व शुभम पाल ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर माना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफधारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## सरेआम शराब पीते 10 पकड़ाए

**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार उरला पुलिस ने शराब दुकान के पास सरेआम शराब पीते आरोपी सोनी साहू 29 वर्ष व अजय कुमार साहू 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह टिकरापारा पुलिस ने आरोपी वासुदेव जगत 45 वर्ष एवं पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी रामेश्वर पटेल 30 वर्ष व होरी लाल पटेल 39 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपी विश्वनाथ साहू 30 वर्ष, संजीव कुमार प्रधान 46 वर्ष, गिरवर साहू 21 वर्ष, हिमांचल ध्रुव 24 वर्ष व संतोष साहू 33 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# नान इंटरलाकिंग के चलते रद्द रहेंगी 48 ट्रेनें




**बिलासपुर।** राजनांदगांव व कन्हान रेलवे स्टेशन के मध्य तीसरी रेल लाइन का कार्य किया जाएगा। दो से 14 दिसंबर तक होने वाले इस नान इंटरलाकिंग के चलते 48 ट्रेनें अलग- अलग तिथि में रद रहेंगी। इसके अलावा कुछ ट्रेनों को विलंब से रवाना करने का निर्णय लिया है। इसके तहत 06 व 09 दिसंबर को 18240 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-कोरबा शिवनाथ एक्सप्रेस नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी स्टेशन से दो घंटे विलंब से रवाना होगी। 08 व 09 दिसंबर को 12808 हजरत निजामुद्दीन-विशाखापत्तनम समता एक्सप्रेस निजामुद्दीन से एक घंटा 30 मिनट विलंब से छूटेगी। वहीं नौ दिसंबर को 22893 साईं नगर शिरडी-हावड़ा एक्सप्रेस साईं नगर शिरडी से 30 मिनट विलंब से रवाना होगी।

## बीच में थम जाएंगे पहिए

इस कार्य के चलते पांच से 13 दिसंबर तक छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल से छूटने वाली 12105 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-गोंदिया एक्सप्रेस नागपुर में समाप्त होगी। इसी तरह 06 से 14 दिसंबर तक गोंदिया से छूटने वाली 12106 गोंदिया-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस एक्सप्रेस नागपुर से गंतव्य के लिए रवाना होगी। 04 से 12 दिसंबर तक कोपरगांव से छूटने वाली 11039 कोपरगांव-गोंदिया एक्सप्रेस नागपुर में समाप्त होगी। 06 से 14 दिसंबर तक गोंदिया से छूटने वाली 11040 गोंदिया-कोपरगांव एक्सप्रेस नागपुर से गंतव्य को रवाना होगी।

## यह ट्रेनें रहेंगी रद्द

- 04 से 14 दिसंबर तक 08712 गोंदिया-डोंगरगढ मेमू
- 04 से 14 दिसंबर तक 08756 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-रामटेक मेमू
- 04 से 14 दिसंबर तक 08751 रामटेक-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी मेमू
- 04 से 14 दिसंबर तक 08754 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-रामटेक मेमू
- 04 से 14 दिसंबर तक 08755 रामटेक-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी मेमू
- 05 से 14 दिसंबर तक 08281 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-तिरोड़ी पैसेंजर स्पेशल
- 05 से 14 दिसंबर तक 08284 तिरोड़ी-तुमसर पैसेंजर स्पेशल
- 05 से 14 दिसंबर तक 08268 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-रायपुर पैसेंजर स्पेशल
- 06 से 15 दिसंबर तक 08283 तुमसर-तिरोड़ी पैसेंजर स्पेशल
- 06 से 15 दिसंबर तक 08282 तिरोड़ी-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी पैसेंजर स्पेशल
- 04 से 13दिसंबर तक 08267 रायपुर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी पैसेंजर स्पेशल
- 04 से 12 दिसंबर तक 18109 टाटा नगर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस
- 06 से 14 दिसंबर तक 18110 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-टाटा नगर एक्सप्रेस
- 08 दिसंबर को 12870 हावड़ा-छत्रपति शिवाजी टर्मिनस एक्सप्रेस
- 10 दिसंबर को 12869 छत्रपति शिवाजी टर्मिनस-हावड़ा एक्सप्रेस
- 04, 05, 11 व 12 दिसंबर को 20843 बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस
- 07, 09, 14 व 16 दिसंबर को 20844 भगत की कोठी- बिलासपुर एक्सप्रेस
- 07 व 09 दिसंबर को 20844 बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस
- 10 व 12 दिसंबर को 20846 बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस
- 10 दिसंबर को 22905 ओखा-शालीमार एक्सप्रेस
- 12 दिसंबर को 22906 शालीमार-ओखा एक्सप्रेस
- 10 दिसंबर को 12145 लोकमान्य तिलक टर्मिनल-पुरी एक्सप्रेस
- 12 दिसंबर को 12146 पुरी - लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस
- 08 व 09 दिसंबर को 12812 हटिया-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस
- 10 व 11 दिसंबर को 12811 लोकमान्य तिलक टर्मिनल-हटिया एक्सप्रेस
- 10 दिसंबर को 22620 तिरुनेलवेली-बिलासपुर एक्सप्रेस
- 12 दिसंबर 22619 बिलासपुर-तिरुनेलवेली एक्सप्रेस
- 09 दिसंबर 20822 सांतरागाछी-पुणे एक्सप्रेस
- 11 दिसंबर 20821 पुणे-सांतरागाछी एक्सप्रेस
- 04 व 11 दिसंबर 12767 नांदेड़-सांतरागाछी एक्सप्रेस
- 06 व 13 दिसंबर को 12768 सांतरागाछी-नांदेड़ एक्सप्रेस
- 06 व 09 दिसंबर को 13425 माल्दा टाउन-सूरत एक्सप्रेस
- 04 व 11 दिसंबर को 13425 सूरत-माल्दा टाउन एक्सप्रेस
- 06, 08 व 11 दिसंबर को 12771 सिकंदराबाद-रायपुर एक्सप्रेस
- 07, 09 व 12 दिसंबर को 12772 रायपुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस
- 10 दिसंबर 22847 विशाखापत्तनम-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस
- 12 दिसंबर को 22848 लोकमान्य तिलक टर्मिनल-विशाखापत्तनम एक्सप्रेस
- 08 दिसंबर को 12993 गांधीधाम-पुरी एक्सप्रेस
- 11 दिसंबर को 12993 पुरी-गांधीधाम एक्सप्रेस
- 04, 07 व 11 दिसंबर को 20823 पुरी-अजमेर एक्सप्रेस
- 07, 12 व 14 दिसंबर को 20824 अजमेर-पुरी एक्सप्रेस
- 07, 09, 11 एवं 13 दिसंबर को 11754 रीवां-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस
- 07, 09, 12 एवं 14 दिसंबर को 11753 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-रीवा एक्सप्रेस
- 08, 09, 11 एवं 12 दिसंबर को 12101 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-शालीमार एक्सप्रेस
- 10, 11, 13 एवं 14 दिसंबर को 12101 शालीमार-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस



## भतीजे की शादी में गया परिवार, चोरों ने सूने मकान को बनाया निशाना

**बिलासपुर ।** पचपेड़ी क्षेत्र के ग्राम धुर्वाकारी में चोरों ने रिटायर्ड कर्मचारी के सूने मकान को निशाना बनाते हुए सोने-चांदी के जेवर, 10 हजार रुपये पार कर दिए। इस दौरान रिटायर्ड कर्मचारी अपने भतीजे की शादी में शामिल होने बिलासपुर आए थे। पीड़ित ने घटना की शिकायत पचपेड़ी थाने में की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। पचपेड़ी क्षेत्र के ध्रुवाकारी में रहने वाले रामसिंह भारद्वाज स्वास्थ्य विभाग के रिटायर्ड कर्मचारी हैं। सोमवार को वे अपने मकान में ताला लगाकर साले के बेटे की शादी में शामिल होने सरकंडा के अशोक नगर आ गए। गुरुवार की सुबह उनके पड़ोसी ने फोन कर बताया कि मकान का ताला टूटा है। इस पर वे परिवार को लेकर घर आए। दरवाजा खोलकर वे अंदर गए तो कमरे में सामान बिखरा हुआ था। कमरे में रखे आलमारी से सोने के टाप्स, चांदी की पायल, नई साड़ियां और पेंट-शर्ट व 10 हजार रुपये गायब थे। उन्होंने आसपास के लोगों को इसकी जानकारी देकर पचपेड़ी थाने में शिकायत की है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### पड़ोसी के मकान पर भी बोला धावा

पीड़ित रामसिंह ने बताया कि चोरों ने उनके मकान के साथ ही पड़ोसी के मकान को भी निशाना बनाया है। रिटायर्ड कर्मचारी के पड़ोस में रहने वाले हरिसिंह सोनवानी रिश्तेदारी में गए थे। इस दौरान चोरों ने उनके मकान का ताला तोड़कर टीवी, घरेलू सामान और चार हजार रुपये पार कर दिए। पुलिस गांव में पूछताछ कर दोनों मामलों में शामिल चोरों की जानकारी जुटा रही है।

## कपड़े खरीदने गया आरक्षक, एक घंटे के भीतर ताला तोड़कर जेवर और नकदी ले गए चोर



**बिलासपुर।** बिल्हा के डोडकीभाठा में चोरों ने आरक्षक के सूने मकान को निशाना बनाते हुए सोने-चांदी के जेवर और दो हजार रुपये पार कर दिए। इस बीच जवान अपनी पत्नी को लेकर कपड़ा खरीदने के लिए बाजार गया था। पीड़ित आरक्षक की शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। बिल्हा के डोडकीभाठा में रहने वाले अशोक पंकज छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 12वीं बटालियन रामानुजगंज में आरक्षक हैं। उनकी ड्यूटी हाई कोर्ट आवासीय परिसर में है। बुधवार की शाम सात बजे वे अपनी पत्नी और बच्चों को लेकर कपड़ा खरीदने के लिए बिल्हा बाजार की ओर गए थे। एक घंटे बाद वे खरीदारी कर अपने घर आए। इस दौरान मकान के मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। दरवाजा खोलकर वे अंदर गए तो कमरे में सामान बिखरा हुआ था। आलमारी में रखा सोने का मंगलसूत्र, सोने की माला और अन्य जेवर गायब थे। साथ ही लाकर में रखे दो हजार रुपये भी चोर ले गए थे। जवान ने आसपास के मकान में लगे सीसीटीवी का फुटेज देखा। इसके बाद उन्होंने गुरुवार को घटना की शिकायत बिल्हा थाने में की है। आरक्षक की शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

## नशे में धुत युवक ने ट्रेन में मचाया हंगामा, गिरफ्तार



**बिलासपुर।** नशे में धुत एक युवक ट्रेन में यात्रियों के साथ बेवजह विवाद कर रह था। जब इसकी सूचना जीआरपी को मिली तो वह मौके पर पहुंची और युवक को गिरफ्तार कर लिया। घटना उसलापुर स्टेशन में खड़ी चिरमिरी पैसेंजर की है। मनेंद्रगढ़ निवासी मनीष चौहान नशे में धुत था और यात्रियों से बहसबाजी और हंगामा कर रहा था। जिसकी सूचना यात्रियों ने जीआरपी को दी। जिसके बाद जीआरपी मौके पर पहुंची। मनीष चौहान को पकड़ा। जीआरपी के अनुसार युवक शराब के नशे में धुत था। इसी वजह से वह अन्य यात्रियों से बेवजह उलझने लगा। विवाद बढ़ने पर कुछ यात्रियों ने तत्काल इसकी सूचना जीआरपी थाने में दी। इस पर जीआरपी स्टाफ मौके पर पहुंचे। आरोपित को पकड़ जीआरपी थाने ले आई। युवक के खिलाफ जीआरपी ने धारा 151 के तहत अपराध दर्ज किया।

## सेंवार में रावत नाच महोत्सव चार को



**चकरभाठा।** ग्राम सेंवार में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रावत नाच महोत्सव का आयोजन चार दिसंबर दिन सोमवार किया गया है। आयोजन को सफन बनाने में ग्राम पंचायत सेंवार के सरपंच आदित्य वर्मा, जनपद सदस्य एवं सभापति दीपक भारती रजक जुटे हुए हैं। उन्होंने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि बाजार में आसपास के व्यापारियों को आमंत्रित किया गया है। बिलासपुर जिले के बोदरी तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सेवार में रावत बाजार का परंपरागत रूप से आयोजन सर्व यादव समाज एवं ग्रामवासियों द्वारा किया गया है। चार दिसंबर सोमवार को आयोजन की तैयारी में आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं संयोजक लगे हुए हैं। इसमें सभी आमंत्रित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में अर्जुन यादव, गुलाब यादव, लखन यादव, काशी यादव, जितेंद्र यादव एवं यादव समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य जुटे हुए हैं।

अपना खुद का न्यूज पोर्टल बनवाएं
पूर्ण Registration के साथ
+91 9303890212



स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक जितेन्द्र जायसवाल द्वारा जायसवाल प्रिंटिंग प्रेस राघवपुरी, डीगमा, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक जितेन्द्र जायसवाल। मो.नं.-09424262547